**Title:** Demand for early construction of an over bridge on Railway Gate near Nandurbar Railway Junction, Maharashtra.

**श्री माणिकराव होडल्या गावीत (नन्दुरबार) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक गम्भीर लोक महत्व का मुद्दा उठाना चाहता हूं। यह रेल मंत्रालय से संबंधित है। सूरत-भुसावल रेलवे लाइन पर नन्दुरबार रेलवे जंक्शन जो महाराष्ट्र में है, वहां १८ यात्री गाड़ियां और १४ मालगाड़ियां चलती हैं। वहां रेलवे फाटक है। वहां १५-२० मिनट तक ट्रैफिक रुका रहता है। नन्दुरबार जिला मुख्यालय होने के कारण चार तहसीलों के लोग वहां आते-जाते हैं। फाटक बंद होने से गम्भीर अवस्था में बीमार, घायल रोगी तथा प्रसूति महिलाओं की कभी भी जीव हानि होने की सम्भावना बनी रहती है। समस्या समाधान हेतु वहां औवर ब्रिज बनाने के लिए मैं रेल मंत्रालय से मांग करता हूं। रेल मंत्रालय मेरी इस मांग को पूरा करे।**